आज - प्रयागराज - 17/09/23

केन्द्रीय रेल विद्युतीकरण संघटनमें दिलायी गयी स्वच्छताकी शपथ



प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी कोर तथा इसकी परियोजनाओं में स्वच्छता पखवाड़ा की विधिवत शुरुआत स्वच्छता शपथ के साथ की गई है। स्वच्छता पखवाड़ा शनिवार से से दो अक्टूबर तक मनाया जायेगा। केन्द्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन, प्रयागराज तथा इसकी सभी परियोजनाओं में स्वच्छता पखवाड़े के दौरान वृहद रूप से स्वच्छता अभियान चलाया जायेगा। इस अभियान के तहत केन्द्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन, के सभी कार्यालय एवं रेलवे कॉलोनियों में सभी के द्वारा श्रमदान कर सफाई सुनिश्चित की जाएगी।

स्वच्छता पखवाड़े का आगाज शनिवार को महाप्रबन्धक/कोर प्रमोद कुमार की ओर से स्वच्छता शपथ से किया गया। इस अवसर पर कोर के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने स्वच्छता शपथ लिया। स्वच्छता पखवाड़ा के दौरान रेल कर्मियों तथा जन सामान्य को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जायेगा ताकि स्वच्छता को बनाये रखने में वे सहयोग प्रदान करें। साथ ही रेलवे प्रशासन द्वारा कार्यालय परिसर, रेलवे आवासों तथा अन्य स्थानों पर विशेष सफाई अभियान चलाया जायेगा।

होंगे। रविवार को स्वच्छ परिसर अभियान के तहत कोर कार्यालय एवं प्रांगण की वृहद साफ-सफाई की जाएगी।

२० और २२ सितम्बर को कोर के रेलवे कॉलोनियों की सफाई की जाएगी। २५ और २६ सितम्बर को स्वच्छ नीर अभियान के तहत कोर कार्यालय के ओवर हेड टैंक, वाटर कूलर, वाटर फिल्टर यंत्र की विधिवत सफाई एवं पीने योग्य पानी के गुणवत्ता की जाँच की जाएगी।

२७ से २९ सितम्बर को स्वच्छ प्रसाधन कार्यक्रम के तहत कोर कार्यालय, रेस्ट हाउस एवं क्लब के प्रसाधनों की सफाई, पानी की उपलब्धता, लीकेज टेस्ट एवं पानी के निकासी की जांच की जाएगी।

न्यायाधीश - प्रयागराज - 17/09/23

केन्द्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन में 'स्वच्छता पखवाड़ा' का शुभारम्भ



प्रयागराज।प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी कोर तथा इसकी परियोजनाओं में स्वच्छता पखवाड़ा की विधिवत शुरूआत स्वच्छता शपथ के साथ हो गई है। स्वच्छता पखवाड़ा दिनांक 16 सितम्बर से 02 अक्टूबर 2023 तक मनाया जायेगा। केन्द्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन, प्रयागराज तथा इसकी सभी परियोजनाओं में स्वच्छता पखवाड़े के दौरान वृहद रूप से स्वच्छता अभियान चलायाजायेगा। इस अभियान के तहत केन्द्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन,के सभी कार्यालय एवं रेलवे कॉलोनियों में सभी के द्वारा श्रमदान कर सफाई सुनिश्चित की जाएगी।

स्वच्छता पखवाड़े का आगाज आज दिनांक 16/09/2023को महाप्रबन्धक/कोर प्रमोद कुमार, द्वारा स्वच्छता शपथ से किया गया। इस अवसर पर कोर के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने स्वच्छता शपथ लिया। स्वच्छता पखवाड़ा के दौरान रेल कर्मियों तथा जन सामान्य को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जायेगा ताकि स्वच्छता को बनाये रखने में वे सहयोग प्रदान करें। साथ ही रेलवे प्रशासन द्वारा कार्यालय परिसर, रेलवे आवासों तथा अन्य स्थानों पर विशेष सफाई अभियान चलाया जायेगा। इस पखवाड़े के दौरान आयोजित होने वाले कार्यक्रम की रूप रेखा में 18/09/2023एवं 19/09/2023को स्वच्छ परिसर अभियान के तहत कोर कार्यालय एवं प्रांगण की वृहद साफ-सफाई की जाएगी।20/09/2023से 22/09/2023तक कोर के रेलवे कॉलोनियों की सफाई की जाएगी।25/09/2023एवं 26/09/2023को स्वच्छ नीर अभियान के तहत कोर कार्यालय के ओवर हेड टैंक, वाटर कूलर, वाटर फिल्टर यंत्र की विधिवत सफाई एवं पीने योग्य पानी के गुणवत्ता की जाँच की जाएगी।27/09/2023 एवं 29/09/2023 को स्वच्छ प्रसाधन कार्यक्रम के तहत कोर कार्यालय, रेस्ट हाउस एवं क्लब के प्रसाधनों की सफाई, पानी की उपलब्धता, लीकेज टेस्ट एवं पानी के निकासी की जाँच की जाएगी।

https://

अमृत कलश टाइम्स-प्रयागराज - 17/09/23

केन्द्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन, में "स्वच्छता पखवाड़ा" का शुभारम्भ

प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी कोर तथा इसकी परियोजनाओं में स्वच्छता पखवाड़ा की विधिवत शुरुआत स्वच्छता शपथ के साथ हो गई है। स्वच्छता पखवाड़ा दिनांक 16 सितम्बर से 02 अक्टूबर 2023 तक मनाया



जायेगा। केन्द्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन, प्रयागराजतथा इसकी सभी परियोजनाओं में स्वच्छता पखवाड़े के दौरान वृहद रूप से स्वच्छता अभियान चलायाजायेगा। इस अभियान के तहत केन्द्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन,के सभी कार्यालय एवं रेलवे कॉलोनियों में सभी के द्वारा श्रमदान कर सफाई सुनिश्चित की जाएगी। स्वच्छता पखवाड़े का आगाज आज दिनांक 16ध्09ध्2023को महाप्रबंन्धकध्कोर श्री प्रमोद कुमार, द्वारा स्वच्छता शपथ से किया गया। इस अवसर पर कोर के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने स्वच्छता शपथ लिया। स्वच्छता पखवाड़ा के दौरान रेल कर्मियों तथा जन सामान्य को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जायेगा ताकि स्वच्छता को बनाये रखने में वे सहयोग प्रदान करें। साथ ही रेलवे प्रशासन द्वारा कार्यालय परिसर, रेलवे आवासों तथा अन्य स्थानों पर विशेष सफाई अभियान चलाया जायेगा। इस पखवाड़े के दौरान आयोजित होने वाले कार्यक्रम की रूप रेखा निम्नवत हैरू– दिनांक 18ध्09ध्2023एवं 19ध्09ध्2023को स्वच्छ परिसर अभियान के तहत कोर कार्यालय एवं प्रांगण की वृहद साफ–सफाई की जाएगी। दिनांक 20ध्09ध्2023से 22ध्09ध्2023तक कोर के रेलवे कॉलोनियों की सफाई की जाएगी। दिनांक 25ध्09ध्2023एवं 26ध्09ध्2023को स्वच्छ नीर अभियान के तहत कोर कार्यालय के ओवर हेड टैंक, वाटर कूलर, वाटर फिल्टर यंत्र की विधिवत सफाई एवं पीने योग्य पानी के गुणवत्ता की जाँच की जाएगी। दिनांक 27ध्09ध्2023 एवं 29ध्09ध्2023 को स्वच्छ प्रसाधन कार्यक्रम के तहत कोर कार्यालय, रेस्ट हाउस एवं क्लब के प्रसाधनों की सफाई, पानी की उपलब्धता, लीकेज टेस्ट एवं पानी के निकासी की जाँच की जाएगी।

अमर उजाला

प्रयागराज | बृहस्पतिवार, 21 सितंबर 2023

हिंदी में करें सभी सरकारी काय : प्रमोद

प्रयागराज। केंद्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन में राजभाषा पखवाड़ा का शुभारंभ बुधवार को हुआ। इस अवसर पर महाप्रबंधक प्रमोद कुमार की अध्यक्षता में मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्ज्वलित किया गया। कार्यक्रम में महाप्रबंधक ने कहा कि कोर साहित्य के पावन तीर्थ स्थल प्रयागराज में स्थित है जो कि हिन्दी का गढ़ है। मुख्य राजभाषा अधिकारी एसएस नेगी ने कहा, यह आत्म निरीक्षण करने का अवसर है। कार्यक्रम में अनुपम सिंघल, आरएन सिंह, वीके गर्ग, विनयएन अम्बाडे, अनिल कुमार सिंह शैवाल, केके सिंह आदि मौजूद थे। संवाद



प्रमोद कुमार

हिन्दुस्तान
प्रयागराज | बृहस्पतिवार, 21 नि



कोर में राजभाषा पखवाड़ा के शुभारंभ पर संबोधित करते महाप्रबंधक।

कोर कर्मचारी सभी काम हिंदी में ही करें: महाप्रबंधक

प्रयागराज। केन्द्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन(कोर) में महाप्रबंधक प्रमोद कुमार की अध्यक्षता में राजभाषा पखवाड़ा का शुभारम्भ हुआ। मुख्य राजभाषा अधिकारी एसएस नेगी ने कहा कि यह अवसर है आत्मनिरीक्षण करने का कि हम अपनी मातृभाषा और राजभाषा के प्रति कितने संवेदनशील हैं। राजभाषा अधिनियम के प्रावधानों के अनुपालन के लिए सभी अधिकारियों और कर्मचारियों से अपेक्षा की जाती है कि वे अपने दैनिक सरकारी कामकाज में हिंदी का अधिकाधिक प्रयोग करें।

टूंडला आदि स्टेशनों से गुजरने वाली ट्रेनों में गहन साफ सफाई की गई।

स्वतंत्र भारत
बृहस्पतिवार, 21 सितम्बर 2023

कोर हिन्दी के गढ़ प्रयागराज में स्थितः जीएम प्रमोद कुमार

स्वतंत्र भारत व्यूरो, प्रयागराज। केन्द्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन में 20 सितम्बर को महाप्रबंधक प्रमोद कुमार की अध्याक्षता में ज्ञान की देवी मॉ सरस्वबती के चित्र पर माल्यार्पण तथा मंगलदीप प्रज्जलित कर राजभाषा पखवाड़ा-2023 का शुभारम्भ किया ।

इस अवसर पर मुख्य् राजभाषा अधिकारी एवं मुख्य बिजली इंजीनियर, एस.एस.नेगी, ने सभी का स्वागत करते हुए कहा कि यह अवसर है आत्मय निरीक्षण करने का कि हम अपनी मातृभाषा और राजभाषा के प्रति कितने संवेदनशील हैं।उन्होंने अधिकारियों,कर्मचारियों से पखवाड़े के दौरान आयोजित विभिन्नेकार्यक्रमों, प्रतियोगिताओं में उत्सारहपूर्वक भाग लेने का कहा। महाप्रबंधक ने अपने अध्यनक्षीय



संबोधन में कहा कि कोर, साहित्यके पावन तीर्थ स्थल प्रयागराज में स्थित है जो कि हिंदी का गढ़ है। यहां सभी अधिकारी कर्मचारी हिन्दी जानते है। अतः यहां के लोगों को हिन्दी में,काम करने में कोई कठिनाई नहीं है। इसलिए राजभाषा अधिनियम के प्रावधानों के अनुपालन के लिए सभी अधिकारियों और कर्मचारियों से अपेक्षा की जाती है कि वे अपने दैनिक सरकारी कामकाज में हिंदी का अधिकाधिक प्रयोग करें और विभिनन् प्रोत्साहन योजनाओं का लाभ उठाएँ। उन्होंने प्रसनन्ता व्यक्त की कि परियोजनाओं में हिन्दी सप्ताह,पखवाड़ा के दौरान विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

समारोह में मुख्य्ालय के विभागाध्यक्ष अनुपम सिंघल, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी, आर.एन. सिंह, प्रमुख मुख्यु सिगन्ल एवं दूर संचार इंजीनियर, वी.के.गर्ग, वरिष्ठ उपमहाप्रबंधक, विनय एन अम्बा्डे,प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक,अनिल कुमार सिंह शैवाल, प्रमुख मुख्य इंजीनियर,के.के. सिंह, प्रमुख मुख्य कार्मिक अधिकारी तथा अन्य अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

आज
प्रयागराज, गुरुवार २१ सितम्बर, २०२३

कोरमें राजभाषा पखवाड़ाका शुभारंभ, जीएम ने किया उद्घाटन

केन्द्रीय रेल विद्युतीकरण संघटन(कोर)में बुधवार को महाप्रबंधक प्रमोद कुमार की अध्यक्षता में ज्ञान की देवी मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण तथा मंगलदीप प्रज्जलित कर राजभाषा पखवाड़ा-२०२३ का शुभारम्भ किया गया। इस अवसर पर मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं मुख्य बिजली इंजीनियर एसएस नेगी ने सभी का स्वागत करते हुए कहा कि यह अवसर है आत्म निरीक्षण करने का कि हम अपनी मातृभाषा और राजभाषा के प्रति कितने संवेदनशील हैं। उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों से पखवाड़े के दौरान आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों और प्रतियोगिताओं में उत्साहपूर्वक भाग लेने की अपील की। महाप्रबंधक ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में कहा कि कोर साहित्य के पावन तीर्थ स्थल प्रयागराज में स्थित है जो कि हिंदी का गढ़ है। यहां सभी अधिकारी एवं कर्मचारी हिन्दी जानते है। अतः यहां



के लोगों को हिन्दी में काम करने में कोई कठिनाई नहीं है। इसलिए राजभाषा अधिनियम के प्रावधानों के अनुपालन के लिए सभी अधिकारियों और कर्मचारियों से अपेक्षा की जाती है कि वह अपने दैनिक सरकारी कामकाज में हिंदी का अधिकाधिक प्रयोग करें और विभिन्न प्रोत्साहन योजनाओं का लाभ उठाएं। उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त की कि परियोजनाओं में हिन्दी सप्ताह एवं पखवाड़ा के दौरान विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। समारोह में मुख्यालय के विभागाध्यक्ष अनुपम सिंघल, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी, आरएन सिंह, प्रमुख मुख्य सिग्नल एवं दूर संचार इंजीनियर, बीके गर्ग, वरिष्ठ उपमहाप्रबंधक, विनय एन अम्बाडे, प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक, अनिल कुमार सिंह शैवाल, प्रमुख मुख्य इंजीनियर, केके सिंह, प्रमुख मुख्य कार्मिक अधिकारी तथा अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती सुनीला यादव एवं धन्यवाद ज्ञापन कल्याण सिंह उप मुख्य राजभाषा अधिकारी ने किया।

दैनिक जागरण प्रयागराज

कोर के अधिकारी-कर्मचारी हिंदी में करें कार्य

जासं, प्रयागराज : केंद्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन (कोर) साहित्य के पावन तीर्थस्थल प्रयागराज में स्थित है। यह हिंदी का गढ़ है। राजभाषा अधिनियम के तहत अधिकारी व कर्मचारी दैनिक सरकारी कामकाज में हिंदी का प्रयोग करें। यह बातें कोर के महाप्रबंधक प्रमोद कुमार ने बुधवार को राजभाषा पखवाड़ा का शुभारंभ करते हुए कही। मुख्य राजभाषा अधिकारी एसएस नेगी ने कहाकि मातृभाषा और राजभाषा के प्रति कितने संवेदनशील हैं इसके लिए आत्मनिरीक्षण करने का यह अवसर है। इस दौरान मुख्यालय के विभागाध्यक्ष अनुपम सिंघल मौजूद रहे।

सहजसत्ता हिन्दी दैनिक
प्रयागराज, शनिवार, 30 सितम्बर 2023 – 03

केन्द्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन में क्षेत्रीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन

प्रयागराज। केन्द्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन में दिनांक 20/09/2023 को महाप्रबंधक, प्रमोद कुमार, की अध्यक्षता में ज्ञान की देवी माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर राजभाषा पखवाड़ा समारोह का शुभारंभ किया गया। इस दौरान हिन्दी के प्रति अभिरुचि जागृत करने के उद्देश्य से अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जिसमें प्रतिभागियों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया।

21 सितम्बर को साहित्यिक पत्रकारिता का हिंदी के विकास में योगदान विषयक संगोष्ठी आयोजित की गई। 25 सितम्बर को तात्कालिक भाषण प्रतियोगिता एवं कर्मचारियों के बच्चों के लिए हिंदी स्लोगन/पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। दिनांक 26 सितम्बर को अधिकारियों/कर्मचारियों के लिए अंत्याक्षरी प्रतियोगिता आयोजित की गई। 27 सितम्बर को कर्मचारियों के लिए स्वरचित काव्यपाठ प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमे देशभक्ति एवं साहित्य से ओत-प्रोत कविताओं का पाठन किया गया। 29 सितम्बर को राजभाषा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें काफी संख्या में कर्मचारियों ने बहुत ही उत्साहपूर्वक भाग लिया। केन्द्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन (कोर), प्रयागराज को हिंदी में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (कार्यालय-1), इलाहाबाद द्वारा चल वैजयंती के तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। महाप्रबन्धक/कोर की ओर से संजय सिंह नेगी, मुख्य राजभाषा अधिकारी ने दिनांक 26.09.2023 को आयकर कार्यालय, प्रयागराज में आयोजित नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक में यह पुरस्कार ग्रहण किया।

29 सितम्बर को महाप्रबंधक प्रमोद कुमार की अध्यक्षता में क्षेत्रीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की सभी परियोजनाओं के साथ वर्चुअल बैठक एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। महाप्रबंधक महोदय ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में कहा कि राजभाषा पखवाड़े के दौरान आयोजित इस बैठक का महत्व इसलिए और अधिक बढ़ जाता है क्योंकि यह पखवाड़ा राजभाषा के प्रयोग-प्रसार के लिए समर्पित है। उन्होंने दैनिक सरकारी कामकाज में हिन्दी का अधिकाधिक प्रयोग करने पर बल दिया। उन्होंने यह भी कहा कि जरूरी समझें तो अंग्रेजी के शब्दों को उसी तरह देवनागरी लिपि में लिखने से न हिचकें। हमारी कोशिश यह होनी चाहिए कि हम जो कहें या लिखें, सुनने या पढ़ने वाला भी वही समझे, यही भाषा का मूल उद्देश्य है और यह सीधी सरल और सुबोध हिंदी से ही संभव है। इस अवसर पर महाप्रबंधक महोदय ने अपने कर कमलों से हिंदी पखवाड़ा के दौरान आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरित किया।



इससे पहले मुख्य राजभाषा अधिकारी एस. एस. नेगी ने अध्यक्ष (महाप्रबंधक) सहित सभी उपस्थित अधिकारियों एवं ऑनलाइन जुड़े मुख्य परियोजना निदेशकों का स्वागत करते हुए राजभाषा पखवाड़े के दौरान कोर मुख्यालय सहित सभी परियोजनाओं में आयोजित विभिन्न हिंदी प्रतियोगिताओं का संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत किया। बैठक में मुख्यालय के विभागाध्यक्ष अनुपम सिंघल, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी, वी.के. गर्ग, वरिष्ठ उपमहाप्रबंधक, आर.एन. सिंह, प्रमुख मुख्य सिगनल एवं दूर संचार इंजीनियर, के.के. सिंह, प्रमुख मुख्य कार्मिक अधिकारी, ए.के. सिंह चौहाल, प्रमुख मुख्य इंजीनियर, अखिलेश चन्द्रा, महानिरीक्षक सह मुख्य सुरक्षा आयुक्त (रेसुव) आदि उपस्थित रहे। बैठक का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन उप मुख्य राजभाषा अधिकारी कल्याण सिंह ने किया।

न्यायाधीश
प्रयागराज, शनिवार, 30 सितम्बर, 2023 | 2

केन्द्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन में क्षेत्रीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन

प्रयागराज। केन्द्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन में 21/09/2023 को महाप्रबंधक प्रमोद कुमार, की अध्यक्षता में ज्ञान की देवी माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर राजभाषा पखवाड़ा समारोह का शुभारंभ किया गया। इस दौरान हिन्दी के प्रति अभिरुचि जागृत करने के उद्देश्य से अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जिसमें प्रतिभागियों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। 21 सितम्बर को साहित्यिक पत्रकारिता का हिंदी के विकास में योगदान विषयक संगोष्ठी आयोजित की गई। 25 सितम्बर को तात्कालिक भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। 26 सितम्बर को अधिकारियों/कर्मचारियों के लिए अंत्याक्षरी प्रतियोगिता आयोजित की गई। 27 सितम्बर को कर्मचारियों के लिए सरचित काव्यपाठ प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें देशभक्ति एवं साहित्य से ओत-प्रोत कविताओं का पाठन किया गया। 29 सितम्बर को राजभाषा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें बड़ी संख्या में कर्मचारियों ने बहुत ही उत्साहपूर्वक भाग लिया। केन्द्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन (कोर), प्रयागराज को हिंदी में अधिकाधिक कार्य करने के लिए नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (कार्यालय-1), इलाहाबाद द्वारा चल वैजयंती के तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। महाप्रबन्धक/कोर की ओर से संजय सिंह नेगी, मुख्य राजभाषा अधिकारी ने 26.09.2023 को आयकर कार्यालय, प्रयागराज में आयोजित नगर राज भाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक में यह पुरस्कार ग्रहण किया। 29 सितम्बर को महाप्रबंधक प्रमोद कुमार की अध्यक्षता में क्षेत्रीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की सभी परियोजनाओं के साथ वर्चुअल बैठक एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। महाप्रबंधक महोदय ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में कहा कि राजभाषा पखवाड़े के दौरान आयोजित इस बैठक का महत्व इसलिए और अधिक बढ़ जाता है क्योंकि यह पखवाड़ा राजभाषा के प्रयोग-प्रसार के लिए समर्पित है। उन्होंने दैनिक सरकारी कामकाज में हिन्दी का अधिकाधिक प्रयोग करने पर बल दिया। उन्होंने यह भी कहा कि जरूरी समझें तो अंग्रेजी के शब्दों को उसी तरह देवनागरी लिपि में लिखने से न हिचकें। हमारी कोशिश यह होनी चाहिए कि हम जो कहें या लिखें, सुनने या पढ़ने वाला भी वही समझे, यही भाषा का मूल उद्देश्य है और यह सीधी सरल और सुबोध हिंदी से ही संभव है। इस अवसर पर महाप्रबंधक ने अपने कर कमलों से हिंदी पखवाड़ा के दौरान आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरित किया।